# युवाओं को इलेक्ट्रिक वाहन बनाने का प्रशिक्षण देगा टाटा



अलीगंज के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टाटा की ओर से बनाई गई आधुनिक कार्यशाला में खड़े इलेक्ट्रिक वाहन • सौजन्य : संस्थान

जितेंद्र उपाध्याय • जागरण

लखनऊ: इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है। पिछले साल उत्तर प्रदेश में 2,77,837 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई जो देश में सबसे अधिक है। इलेक्ट्रिक वाहनों के सुनहरे भविष्य को देखते हुए युवाओं को अलीगंज के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टाटा की ओर से इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माण और संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

टाटा ने राजधानी समेत प्रदेश की 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अपग्रेड करने का जिम्मा लिया था। इसके अलावा प्रदेश की 62 अन्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को अपग्रेड करने की प्रक्रिया भी जारी है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि पीपीपी माडल के तहत टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड के सहयोग से आइटीआइ को अपग्रेड किया गया है। इस योजना के तहत आइटीआइ को और बेहतर बनाने की कवायद की जाएगी। इसके लिए संस्थानों में मौजूद कार्यशाला को आधुनिक बनाने के साथ-साथ नई मशीनें लगाई गई हैं।

**हाईस्कूल की मेरिट से होंगे प्रवेश :** हाईस्कूल की मेरिट के आधार पर होने वाले प्रवेश राजकीय और निजी संस्थानों में एक साथ होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट http://www.scvtup.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**यह है हेल्पलाइन :** आनलाइन आवेदन से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी हेल्प डेस्क नंबर 0522-4150500, 7897992063, दूरभाष 0522-2336115, 9628372929 (वाट्सएप) या ई-मेल help@admissionscvtup.in पर संपर्क कर सकते हैं। राजधानी समेत प्रदेश की 305 राजकीय और 2,941 निजी संस्थानों में प्रवेश होगा।

### इन कोर्सों की होगी पढ़ाई

इलेक्ट्रिक वाहन मैकेनिक, एडवांस कंप्यूटर न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनिंग और बेसिक डिजाइन आफ वर्चुअल वेरिफिकेशन कोर्स दो- दो वर्ष के होंगे। इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैनुफैक्चरिंग, आर्टिसन यूजिंग एडवांस टूल और मैनुफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एंड आटोमेशन कोर्स एक-एक वर्ष के होंगे।